हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

NEWS

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–107 : जौनपुर, शुक्रवार 23 दिसम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सीएम योगी ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर किया माल्यार्पण

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विधान भवन प्रांगण में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस पर उनकी प्रतिमा व चित्र पर पुष्प अर्पित किया। किसान कल्याण के लिए सदैव समर्पित रहे चौधरी जी की जयंती को किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान भवन के सामने कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को दिए जाने वाले ट्रैक्टरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप सिंह, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख आदि मौजूद रहे। उधर, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यदि देश को तरक्की के मार्ग पर ले जाना है तो कृषि विकास की दर को दोगुना करना होगा। उन्होंने कहा कि देश की कुल आबादी का 16: आबादी यूपी में है यहां कृषि भूमि 11: है, लेकिन देश की कुल उपज का 20: उत्पादन उत्तर प्रदेश करता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में यह क्षमता है कि कृषि विकास की दर को वह दोगुना कर सकता है। और प्रधानमंत्री के सपने को साकार कर सकता है। सीएम ने कहा कि चौधरी चरण सिंह कहते थे कि देश की खुशहाली का रास्ता खेत और खलिहान से होकर गुजरता है ।हमें आज



उनके बताए मार्गो पर आगे चलना होगा । वह हमेशा किसान कल्याण के लिए प्रयत्नशील रहे उनका योगदान अविस्मरणीय है। आजादी के तत्काल बाद ही उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया था कि यदि भारत को ताकत बनना है तो खेती–किसानी पर ध्यान देना होगा। उसी मार्ग पर प्रधानमंत्री चल रहे हैं और उन्होंने अन्य दाताओं के जीवन में परिवर्तन करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम शुरू किए हैं। उनका एक ही लक्ष्य है लागत कम और उत्पादन बढ़े। किसान सम्मान दिवस इसलिए ही हम मना रहे हैं कि हम उस लक्ष्य को पूरा कर सके। प्रदेश सरकार भी इसके लिए लगातार प्रयास कर रही है हमने साढे़ पांच साल में 86 लाख किसानों को 36 हजार करोड़ रुपये बतौर किसान सम्मान निधि बांटी। अब बीमार मिट्टी को उपचार देने और किसानों की आय को बढ़ाने के लिए प्राकृतिक खेती का अभियान चलाया है। गंगा तटवर्ती 27 जिलों में और बुंदेलखंड के 7 जनपदों में इस खेती को किया जा रहा है । उन्होंने कहा की सभी किसानों को इससे जुड़ना होगा।

## साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों का 26 दिसंबर को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित होगा शहीदी दिवस

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों का शहीदी दिवस 26 दिसंबर को 5 कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास में केंद्रीय सिंह सभा गुरुद्वारा आलमबाग के द्वारा स. बल्देव सिंह औलख राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में बड़ी श्रद्धा पूर्वक मनाया जा रहा है। राज्यमंत्री बल्देव सिंह औलख ने बताया कि मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा साहिबजादे की शहादत को नमन करते हुये प्रत्येक वर्ष अपने आवास में गुरु महाराज का प्रकाश कर कीर्तन दरबार का आयोजन किया जाता रहा है, इस बार भी यह आयोजन 26 दिसम्बर को प्रातः 11.00 से 12.30 बजे तक आयोजित होगा जिसमें विश्व विख्यात कीर्तन कार भाई गगन दीप सिंह श्रीगंगानगर से दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी से ज्ञानी हरनाम सिंह खालसा मुख्य ग्रंथि गुरुद्वारा शीशगंज साहब दिल्ली को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है इस अवसर पर गुरु महाराज जी के लिये विशेष चंदौआ साहिब की सेवा – शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर द्वारा की जाएगी। सरदार परविन्दर सिंह सदस्य अल्पसंख्यक आयोग ने बताया प्रदेश के स्कूलों की लाइब्रेरी के लिये साहिबजादो की शहादत पर आधारित सचित्र पुस्तक जो कि विशेष रूप से गुरुद्वारा आलमबाग द्वारा सिक्ख हैलिपंग सिक्ख अमृतसर द्वारा प्रिंट की गयी है का विमोचन वितरण किया जाएगा। मंजीत सिंह तलवार ने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री जी के आह्वान पर इस पुस्तक को छपवाया गया है जो कि प्रदेश के स्कूलों की लाइब्रेरी के लिये सभी स्कूलों को 10–10 पुस्तक भेजी जायेगी व कार्यक्रम में 10 स्कूल प्रबन्धकों को सांकेतिक रूप से भेंट की जायेगी, अवसर की संवेदना को देखते हुये साथ श्री अकाल तख्त साहिब जी द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों का पालन करते हुये 28 तक सप्ताहभर में मिष्ठान प्रशादे नहीं बनाने और सम्मान के लिये सिरोपा न भेंट करने के आदेश का पालन किया जायेगा । सम्मान में स्मृति चिन्ह व पुस्तकें भेंट की जायेगी। निर्मल सिंह ने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री जी के दिशानिर्देश में रेलवे और नगर निगम के समक्ष हुए डब्ल् के बाद महापौर संयुक्ता भाटिया द्वारा चचच उवकमस पर प्रदेश का पहला ''साहिबजादा पार्क'' का निर्माण भी डिप्टी सीएम बृजेश पाठक द्वारा शिलान्यास करके प्रारंभ





हो गया। इसके लिये भी शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर के प्रतिनिधि व सभी सिक्ख समाज द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी व प्रदेश सरकार का आभार प्रकट किया जाएगा। कार्यवाहक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजू ने बताया मीरी पीरी कीर्तन ग्रुप दशमेश पब्लिक स्कूल शब्द कीर्तन की प्रस्तुति करेंगे। बाबा दीप सिंह फाउंडेशन के मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि यह आयोजन केंद्रीय सिंह सभा लखनऊ गुरुद्वारा आलमबाग द्वारा सनातनी पंजाबी महासभा, सिन्धी समाज, रविदास मठ, कबीर पंथी व सर्व समाज के साथ मिल कर मनाया जायेगा। मीडिया प्रभारी हरजीत सिंह ने बताया आज की वार्ता में नानक चन्द जी, मुरलीधर अहूजा, सतनाम सिंह सेठी, मनजीत सिंह तलवार, अनिल वरमानी, विनोद रात्रा, हरमिन्दर सिंह मिंन्दी, रंजीत सिंह अरोड़ा, गुरमीत सिंह रहेजा हरीश कोहली, हरमिन्दर सिंह टीटू, सम्पूर्ण सिंह बग्गा, मनमोहन सिंह सेठी, रणबीर सिंह भसीन, लखविन्दर सिंह घईमनमोहन सिंह मोहनी, राजेन्द्र सिंह बग्गा, जसपाल सिंह वोहरा, दलजीत सिंह टोनी, भूपिन्दर सिंह पिन्दा, त्रिलोक सिंह बहल, बलबीर सिंह, जसबीर सिंह राजू, नवीन अरोड़ा, राजेन्द्र सिंह बग्गा, हरविन्दर सिंह, मनमोहन सिंह, लखविन्दर सिंह, मनप्रीत सिंह वडेरा, राजेन्द्र सिंह सलूजा व अन्य प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

## केजीएमयू और जिम्स नोएडा करेंगे जीनोम सीक्वेंसिंग : हर जिले में बनेंगे सैंपल सेंटर

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में कोविड मरीज बढ़े तो केजीएमयू और जिम्स नोएडा जीनोम सीक्वेंसिंग करेंगे। फिर जरूरत के अनुसार लैब की संख्या बढ़ाई जाएगी। जीनोम सीक्वेंसिंग के सैंपल जल्दी लैब पहुंचे, इसके लिए हर जिले में अलग से सेंटर बनाए जाएंगे। विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा दुर्गाशक्ति नागपाल ने बताया कि गुजरात और ओडिशा में कोरोना वायरस के नए वैरिएंट के मिलने के बाद हर स्तर पर तैयारी तेज कर दी गई है। अगर मरीजों की संख्या बढ़ी तो केजीएमयू व जिम्स नोएडा के अलावा अन्य चिकित्सा संस्थानों में भी जांच शुरू कराई जाएगी। एसजीपीजीआई, लोहिया संस्थान सहित अन्य मेडिकल कॉलेजों को तैयारी रखने के निर्देश दिए गए हैं। जिलों में नोडल अधिकारी भी नामित होंगे। ये अधिकारी जिले से लैब तक सैंपल पहुंचाने और रिपोर्ट हासिल करने की जिम्मेदारी निभाएंगे। विभाग का मानना है कि इससे जीनोम सीक्वेंसिंग में अगर कहीं नया वैरिएंट मिलता है तो तत्काल उसे नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। अस्पतालों को तैयारी के निर्देश स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. लिली सिंह ने बताया कि



सभी सीएमओ व सीएमएस को निर्देश दिए गए हैं कि पिछली बार जो कोविड अस्पातल बनाए गए, उसे इस बार भी आरक्षित रखा जाएगा। अभी मरीजों का उपचार चलता रहे, लेकिन जैसे ही कोविड मरीज बढ़ते हैं तो संबंधित अस्पताल को कोविड अस्पताल में तब्दील कर दिया जाए। मैन पावर, दवाओं एवं अन्य संसाधनों को भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## हरदोई जनपद के युवा सितारा का आकाशवाणी पर 25 दिसंबर को होगा प्रसारण : हरदोई वासियों को हुई प्रसन्नता

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जनपद के कोतवाली शाहाबाद थाना क्षेत्र के रोहित कुमार सिंह एक ख्याति प्राप्त साहित्यकार हैं जो कि निवासी ग्राम बिलालपुर शर्मा तहसील शाहबाद जनपद हरदोई के मूल निवासी हैं जोकि इस युवा का समय–समय पर प्रमुख चैनलों अखबार डीडी यूपी दंगल उत्तर प्रदेश उत्तराखंड चैनल व सुप्रसिद्ध बाल पत्रिका नंदन बालहंस गीता प्रेस कल्याण तथा मुंबई के वेद अमृत आज में इनका प्रकाशन ।समय समय पर होता रहा है इनकी लिखी गई बाल कहानी का प्रसारण दिनांक 25 दिसंबर 2022 को अपरांत 12:00 से 12:30 बजे के मध्य आकाशवाणी लखनऊ से सीधा प्रसारित किया जाएगा हरदोई के इस युवा लेखक को राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक स्तर पर कई बार सम्मानित किया जा चुका है इन्होंने जनपद हरदोई का मान सम्मान बढ़ाने का काम किया है वहीं पत्रकार वार्ता में रोहित कुमार सिंह ने जनपद के युवाओं से अपील की कि युवाओं को शिक्षा प्राप्त कर सामाजिक कार्यों के प्रति जागरूक होना चाहिए ताकि हमारे जनपद का नाम स्वर्ण



अक्षरों में लिखा जाए जनपद वासियों में खुशी की लहर है कि हरदोई के इस युवा की कहानी का प्रसारण 25 दिसंबर को आकाशवाणी लखनऊ से होगा इस युवा की कहानी को देखकर नए युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए कि हर युवा को ऐसे ही संस्कार प्राप्त कर आगे बढ़ने का संकल्प लेना चाहिए।

## पूर्व जिलाधिकारी जौनपुर दिनेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जनपद में 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है जिसके क्रम में विकास भवन के सभागार में पूर्व जिलाधिकारी जौनपुर दिनेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पूर्व जिलाधिकारी के द्वारा अपने पूर्व के अनुभवों को साझा करते हुए बताया गया कि किस प्रकार सुशासन लाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि व्यक्ति अगर ठान ले तो कोई भी कार्य असंभव नहीं बस साफ नियत से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को गरीबों, असहाय को लाभान्वित कराएं जिससे बड़ी सुखद अनुभूति होगी और गरीब का भला होगा। उन्होंने पूर्व में जनपद जौनपुर व अन्य जिलों में मनरेगा तालाब, स्कूलों के कायाकल्प सहित अन्य कार्यों का विस्तार से बताया। पूर्व जिलाधिकारी ने परिषदीय विद्यालयों के बारे में बताते हुए कहा कि परिषदीय विद्यालय प्राइवेट विद्यालयों से अच्छे होते हैं, शिक्षक बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ आधा घंटे संस्कार की शिक्षा दे। शिक्षक अपने छात्रों को अपने पुत्र के समान समझते हुए शिक्षा दें। विद्यालयों में उसी गांव के 4 बुजुर्गों को बुलाकर विद्यालय में बढ़ाएं और उन्हें विद्यालय से जोड़कर उनकी भी सहभागिता बढ़ाएं। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि पूर्व में किए गए कार्यों को आगे ले जाए जा रहा है एवं दिए गए सुझाव को क्रियान्वित किया जाएगा। कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बी बी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला तकनीकी समन्वय समिति की बैठक का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जिला तकनीकी समन्वय समिति की बैठक का आयोजन जनसुनवाई कक्ष में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कोई विकास खण्ड अतिदोहित श्रेणी में नहीं है। मात्र 02 विकास खण्ड क्रमशः बदलापुर एवं महराजगंज ही क्रिटिकल श्रेणी में है तथा 08 विकास खण्ड क्रमशः केराकत, सिरकोनी, रामनगर, मुफ्तीगंज, करंजाकला, सिकरारा, बक्शा एवं धर्मापुर सेमीक्रिटिकल एवं शेष विकास खण्ड सुरक्षित श्रेणी में है। बैठक में क्रिटिकल एवं सेमी क्रिटिकल विकास खण्डों को सुरक्षित श्रेणी में लाने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा आगामी वर्षों में कराये जाने वाले वर्षा जल संरक्षण एवं संचयन के कार्यों की विस्तृत चर्चा की गयी। अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई द्वारा अन्य समस्त विभागों से उनके द्वारा आगामी वर्षों में वर्षा जल संरक्षण एवं संचयन के अन्तर्गत जो कार्य कराये जाने हैं उससे सम्बन्धित कार्ययोजना उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई द्वारा प्रस्तावित कार्यों यथा रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना, चेकडैम निर्माण एवं तालाबों की सूची बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत की गयी। जिसका अनुमोदन जिला तकनीकी समन्वय समिति द्वारा किया गया। बैठक में जिला प्रभागीय वन अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई, विकास खण्ड में कार्यरत लघु सिंचाई के अवर अभियन्ता, सिंचाई विभाग, जल निगम, जिला पंचायत राज अधिकारी, लघु डाल नहर के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## मनी लांड्रिंग केस : माफिया मुख्तार से करीबी ठेकेदारों और व्यापारियों के बारे में पूछताछ

प्रयागराज ब्यूरो : माफिया मुख्तार अंसारी से बृहस्पतिवार को भी पूछताछ होती रही। ईडी ने मुख्तार के करीबी ठेकेदारों और व्यापारियों की सूची बनाई थी। उनकी संपत्तियों और मुख्तार से जुड़ाव के बारे में सवाल



किए गए। पूर्वांचल से लेकर झारखंड तक फैले कोयले के कारोबार के बारे में भी ईडी ने पूछताछ की। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने मुख्तार से उन सभी ठेकेदारों और व्यापारियों के बारे में सवाल किए, जिनके बारे में माना जाता है कि उन्होंने मुख्तार की वजह से ही संपत्ति बनाई है। ईडी को यह भी आशंका है कि सारी संपत्तियां मुख्तार की ही हैं। हालांकि उन संपत्तियों के बारे में मुख्तार कहता रहा कि वह किसी की संपत्ति के बारे में कुछ नहीं जानता। पूर्वांचल से लेकर झारखंड तक फैले कोयले के कारोबार के बारे में मुख्तार से तमाम सवाल किए गए। कारोबार में कौन–कौन ठेकेदार उसके लिए काम करते हैं, उन सबके नाम अधिकारियों ने पूछे। हालांकि मुख्तार ने तमाम सवालों पर चुप्पी ही साध रखी थी। उसने तमाम करीबियों के नाम भी पहचानने से इन्कार किया। ईडी के सूत्रों का कहना है कि मुख्तार से पूछताछ में अब तक बहुत कुछ हासिल नहीं हुआ है। ईडी रिमांड की अवधि बढ़ाने की रिक्वेस्ट भी कर सकती है।

## हमाम वहीद को उ0प्र0 कांग्रेस मीडिया विभाग में प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया

पत्रकार मृत्युंजय प्रताप सिंह की रिपोर्ट : उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष एवं मीडिया विभाग के चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी जी ने कांग्रेस पार्टी के युवा नेता हमाम वहीद को उत्तर प्रदेश मीडिया विभाग में प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है इस अवसर पर हमाम वहीद ने कहा



कि हम शीर्ष नेतृत्व के आभारी हैं की उन्होंने एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हमें दिया है हम कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे और पार्टी के द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा ईमानदारी से उसका निर्वहन करेंगे उन्होंने कहा आज विचारधारा की लड़ाई है दो विचारधारा इस देश में है अब आपको तय करना है कि आप गांधीवादी विचारधारा के साथ रहेंगे या गोडसे की विचारधारा जो विभाजन और नफरत की विचारधारा है एक तरफ राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश के अगड़े पिछड़े को जोड़ने का काम कर रहे हैं, नफरत मिटाने का काम कर रहे हैं और मोहब्बत का पैगाम दे रहे हैं। हमें राहुल गांधी के संदेश को घर–घर तक पहुंचाना ह। श्री वहीद ने अपने शुभचिंतकों को बधाई के लिए आभार किया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

शान्ति की शुरुआत मुस्कुराहट के साथ शुरु होती है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# किसान और उपभोक्ता : दशा और दिशा

कोरोना के महासंकट में देश की विकास दर ऋण 23 फीसदी की खाई में कुछ समय गिर गई थी, तब देश की गिरती अर्थव्यवस्था को गोद में उठाकर लुढ़कने से बचाते हुए तीन फीसदी वृद्धि दर की ऑक्सीजन देने का काम कृषि क्षेत्र ने ही किया।

'राष्ट्रीय किसान दिवस' है, और कल, यानी 24 दिसंबर को 'वैश्विक उपभोक्ता दिन' होगा। इनके लगे हुए जुड़कर होने को महज संयोग न समझें, बल्कि इसमें निहित है महत्वपूर्ण संबोधन। इसे गहराई से समझना दिलचस्प बात है। स्वाधीनता मिली, तब 1950 में देश की खाद्यान्न उपज थी पांच करोड़ टन, उसे किसानी क्षेत्र ने इस साल तक 31 करोड़ टन के ऊपर पहुंचाने का अनोखा पराक्रम कर दिखाया। आज 142 करोड़ टन के पार पहुंची हुई महाकाय भारतीय आबादी का पेट भरने वाले इस क्षेत्र को वंदन! 142 करोड़ उपभोक्ताओं को हर रोज दिन में तीन बार, साल के 365 दिन, सालों–साल पेट पूजा करवाने का यह अनोखा काम करने वाले ये सारे अन्नदाता ही नहीं हैं, वरन अन्न–सुरक्षा–सेना के आदरणीय सैनिक हैं। किसान और उपभोक्ता का यह अटूट, बेजोड़, जीवंत नाता सारे देश के उपभोक्ताओं को समझना जरूरी है।

कोरोना के महासंकट में देश की विकास दर ऋण 23 फीसदी की खाई में कुछ समय गिर गई थी, तब देश की गिरती अर्थव्यवस्था को गोद में उठाकर लुढ़कने से बचाते हुए तीन फीसदी वृद्धि दर की ऑक्सीजन देने का काम कृषि क्षेत्र ने ही किया। इसलिए यह भी समझना चाहिए कि ऐसे दिव्य काम करने वाले कृषि क्षेत्र को किन चुनौतियां का सामना करना पड़ रहा है। किसान व खेतिहर श्रमिक दो प्रकार के जुल्मों से ग्रस्त और त्रस्त हैं। पहला जुल्म है, सुलतानी जुल्म। सरकारी नीतियों और बाजार की पद्धतियों का जुल्म। कृषि उपज की सस्ते दामों पर लूट की लत लग चुके बाजार के ग्राहकों का भी जुल्म।

इसका पहला सबूत : कृषि क्षेत्र ने उत्पादन तो छह गुने से अधिक कर दिया, लेकिन उसे क्या मिला? आजादी के समय जीडीपी में कृषि क्षेत्र का योगदान यानी हिस्सा जो कि 52 फीसदी था, उसे सापेक्ष मूल्य गिराकर सिर्फ 15–16 फीसदी के आसपास धकेल दिया। देश की आधी से अधिक आबादी खेती में खटती है, लेकिन उनके काम को और उद्यमिता को मुआवजा दिया जाता है सिर्फ 15–16 फीसदी। पहली पंचवर्षीय योजना में 1951–56 के वर्षों में नियोजित अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र को सरकार ने करीब 15 फीसदी हिस्सा दिया था, वह लगातार गिरते–गिराते अब कई वर्षों में उसे तीन से पांच फीसदी तक लुढ़का दिया गया है। यानी तीन से पांच गुना तक गिरावट। अगला सबूत : कृषि क्षेत्र के हाथ में थोप दिया है, एक झुनझुना कर्ज माफी का।

पिछले सात सालों में 11 लाख करोड़ रुपये के कर्ज माफ किए गए। यह माफी मुख्यतः व्यापार क्षेत्र को 28 फीसदी और उद्योग क्षेत्र को 65 फीसदी बहाल की गईय देश के अन्नदाता कृषि क्षेत्र के हिस्से सिर्फ सात प्रतिशत ही आए। उपभोक्तागण समझ लें, आम आदमी की आपकी बैंक बचतें और कर राशि किनके लिए निछावर की जाती है। मुट्ठी भर लूटकर चुटकी भर छूट देने की नीतियां बनाने वाली सरकारें, और उन्हें अमल में लाने वाली नौकरशाही और कर्मचारीगण के जुल्म भी मात देने वाले हैं। भुलावे में डालने वाले राजनेता भी पीछे नहीं हैं। अब भी कृषि उपजों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) निर्धारण की प्रक्रिया में खेती के लागत खर्च आंकते समय कई प्रकार के छिपे खर्चों के मद चालाकी से हिसाब से बाहर रखे जाते हैं और सही–सही, परिपूर्ण, सर्व–समावेशक और रेम्युनरेटिव मूल्य निर्धारण नहीं किया जाता है।

अनेक कृषि–विश्वविद्यालयों, सरकारी संस्थानों, विशेषज्ञों और स्वामीनाथन आयोग ने सरकार को स्पष्ट रूप से बताया है कि किसानों का असली उत्पादन लागत खर्च ही एमएसपी से डेढ़ गुना है। इस असली डेढ़ गुना लागत खर्च पर और आगे 50 फीसदी फायदा जोड़कर एमएसपी आंका गया हो, ऐसा मूल्य किसान को मिलना चाहिए। लेकिन मौजूदा हालात उल्टे हैं। दूसरा जुल्म है, आसमानी जुल्म। आसमान की मनमानी पहले भी किसान झेलते रहे, लेकिन वैश्विक जलवायु परिवर्तन के संकट के कारण अब यह पहलू कई गुना तीखा हो गया है, प्रति वर्ष बढ़ता ही जा रहा है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मीटिऑरालाजी (आईआईटीएम) के नए नतीजे हैं कि आजादी मिलने के बाद पहले साठ वर्षों (1950 से 2011) की तुलना में पिछले 30 वर्षों में खेती क्षेत्र के लिए तबाही 41 फीसदी बढ़ गई है, कुछ प्रदेशों में तो वह पचास फीसदी तक बढ़ गई है। यानी अब हर दो साल में एक साल प्रतिकूल मौसम रहता है। प्रिय उपभोक्तागण, ऐसी कगार पर अन्नदाता खड़ा है, इस बात की अहमियत और विनाशकारी अवदशा को जानिए।

दिशा कैसी हो? पिछले चालीस वर्षों के हमारे कार्य और चिंतन से मिले नतीजे ये हैं– एक : राज्यसत्ता और अर्थसत्ता की नीतियों के कारण चलने वाले अर्थचक्र की इस अन्यायमूलक चाल की दिशा पर अनुकूल प्रभाव और बदलाव जरूरी हैं– तात्कालिक दिखावे की आतिशबाजी के भुलावे नहीं। दो : खेतों की मेड़ों के बाहर इन नीतिगत बदलावों के अलावा मेड़ों के अंदर किसानी की तकनीकें और तरीकों में भी बदलाव हों। इकहरी फसल (मोनोक्रापिंग) की जगह बहुफसली, शाश्वतता पुष्ट करने वाली पर्यावरणीय खेती यह सही दिशा है। यह सारी पद्धति वैज्ञानिक तथ्यों, आंकड़ों और प्रदर्शनों द्वारा पिछले 15 साल से आज भी लगातार साबित कर दिखाई गई है। देखने के लिए खुला निमंत्रण है। हरित क्रांति के आगे अब यह सदा–हरित क्रांति की दिशा और पद्धति है। तीन : खेती के लिए नीतियां और तकनीकों की मार्गदर्शक पंचसूत्री जरूरी है– उत्पादकता, लाभप्रदता, स्थिरता, शाश्वतता और जीवन स्तर की गुणवत्ता।

याद रहे कि कृषि पद्धतियां ऐसी हों, जिससे सबको विषमुक्त और स्वास्थ्यवर्धक खाद्य सदा के लिए मिले। उपभोक्ता संवेदनशीलता से उत्पादक अन्नदाता की परिस्थितियों को समझें और ये दोनों कंधे से कंधा मिलाकर चलेंय इस प्रकार 'दोनों की भलाई में ही दोनों की भलाई' है। उत्पादक किसान प्रोड्यूसर, और उपभोक्ता कंज्यूमर, इन दोनों की मिलकर 'प्रोज्यूमर' तरह की संकल्पना मैं एक नए गहरे अर्थ से प्रस्तुत कर रहा हूं। विकास के कई वैश्विक सूचकांकों (मानव विकास, भुखमरी–कुपोषण, स्वास्थ्य, खुशहाली) में भारत का स्थान बहुत नीचे वालों में भी नीचे है। उत्पादक का हित संभालने में उपभोक्ता का हितैक्य है, यह बात इन सूचकांकों में भी जुड़ी हुई है। उपभोक्ता का हर नोट एक वोट हैय इस शक्ति से किसान के सशक्तीकरण में योगदान होगा। आपका फैमिली–डॉक्टर तो है, वैसे ही अपना फैमिली–फार्मर भी हो।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## रेलवे सुरक्षा बल उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा आपरेशन जीवन रेखा एवं आपरेशन आमानत का संचालन



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। यात्री सेवा में पूर्ण निष्ठा के साथ सदैव तत्पर रेलवे सुरक्षा बल उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा अपनाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के तहत गत दिवसो में मंडल के विभिन्न स्टेशनो पर आपरेशन नन्हे फरिश्ते एवं आपरेशन अमानत का संचालन करते हुए इसके तहत निम्न गतिविधियों को सफलतापूर्वक संचालित किया गया जिनका ब्यौरा निम्नवत है :– दिनांक 29/11/22 को एक बैग गाड़ी संख्या 22356 में सामान ज्यादा होने के कारण छूट गया था जिसे तुरंत रे.सु.ब. सुल्तानपुर द्वारा हेल्पलाइन की सूचना पर ट्रेन से उतार कर पोस्ट पर लाया गया। इस सम्बन्ध में दिनांक 21/12/22 को एक व्यक्ति आया जिसने अपना नाम नीतीश सिंह चौहान पुत्र श्री राजकुमार सिंह चौहान ने बताया की उसके सम्बन्धी का सामान जो ट्रेन में छूट गया था, लेने के लिए वो आया है जिन्होंने सामान के संबंध में जानकारी सही पाए जाने पर कंबल बैग को सही सलामत नीतीश सिंह चौहान पुत्र श्री राजकुमार सिंह चौहान निवासी ग्राम महुआ थाना कोरोकुइयां जिला शाहजहांपुर को सही सलामत सुपुर्द किया गया। दिनांक 21.12. 22 को गाडी सं 12391 श्रमजीवी एक्स प्लेटफार्म संख्या 03 से रवाना हो रही थी उसी समय गाडी में चढ़ने के दौरान एक व्यक्ति नीचे गिर गया और घायल हो गया था जिसे ऑन डियूटी तैनात रेल सुरक्षा बल द्वारा मौके पर उसको स्टेचर पर लेटा कर जिला अस्पताल ले जाया गया उक्त घायल व्यक्ति ने अपना नाम इन्द्रपाल यादव पुत्र रामपति उम्र 56 वर्ष निवासी गाव चांदा थाना चादा जिला सुल्तानपुर बताया जिसने सुल्तानपुर से नई दिल्ली के लिए टिकट लिया था, उक्त घायल व्यक्ति को अधिक चोट लगने के कारण लखनऊ के लिए रैफर किया गया तथा उसके परिजन मौके पर जिला अस्पताल में उपस्थित रहे। उक्त घायल व्यक्ति व उसके परिजन द्वारा हे ऑन डियूटी तैनात रेल सुरक्षा बल कर्मचारियों को धन्यवाद दियां तथा रेल सुरक्षा बल के योगदान की भूरि भूरि प्रशन्सा की।

## गोयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के अध्यक्ष ने स्कूली छात्रों और बीटेक प्रथम वर्ष के छात्रों को दिया अपना आशीर्वाद

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर नवाचार और उद्यमिता सेल, और एप्लाइड साइंस गोएल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, लखनऊ ने 4 स्टार रेटिंग प्राप्त करने की अपनी उपलब्धि का जश्न मनाया (पूरे उत्तरी भारत में शीर्ष चार और पूरे भारत में शीर्ष 59 में) आईआईसी–एआईसीटीई एटीएल स्कूल लिंकेज प्रोग्राम के तहत 22 दिसंबर, 2022 को ''सेंट्रल एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बाराबंकी'' के स्कूली छात्रों की एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया। कक्षा 12वीं और 11वीं के कुल 55 टॉपर छात्रों ने संस्थान के परिसर का दौरा किया और उच्च भावना के साथ रचनात्मकता के प्रति उनकी नवीन मानसिकता का पोषण किया। छात्रों ने सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, बायोटेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस, सूचना प्रौद्योगिकी से लेकर विभिन्न इंजीनियरिंग विषयों में गणितीय मॉडलिंग के महत्व को समझा। और बी.टेक छात्रों के प्रोजेक्ट मॉडल पर काम करके इलेक्ट्रॉनिक्स और संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं में चल रहे वैज्ञानिक कार्यों से संबंधित उनके प्रश्नों को हल किया। स्कूल के छात्रों ने इन–कैंपस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस– रॉयल एनफील्ड, जीआईटीएम इनक्यूबेशन सेंटर का दौरा किया और थीम– टॉयकैथॉन–वेस्ट टू प्ले पर छात्र क्लब–आईआईसी जीआईटीएम द्वारा ''प्रदर्शनी'' की सराहना की। वे इस उत्सव दिवस पर



बीटेक प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा आयोजित और एप्लाइड साइंस विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के साक्षी बने। गोयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के अध्यक्ष, इंजीनियर महेश अग्रवाल ने स्कूली छात्रों और बीटेक प्रथम वर्ष के छात्रों को अपना आशीर्वाद दिया और विस्तार से बताया कि इस तरह के आयोजन विज्ञान और इंजीनियरिंग में गणित को लोकप्रिय बनाने में मदद करते हैं और छात्रों को नवीन विचारों के विकास के लिए प्रेरित करते हैं। जीआईटीएम के निदेशक डॉ. ऋषि अस्थाना सर ने स्कूली छात्रों को प्रायोगिक तौर पर विभिन्न विज्ञान आधारित गतिविधियों को सीखने पर जोर दिया। संयोजक आईआईसी–जीआईटीएम और एचओडी, एप्लाइड साइंस द्वारा टोकन ऑफ ऑनर और वोट ऑफ थैंक्स देकर स्कूल के साथ आए शिक्षकों को सम्मानित करके समारोह का समापन किया गया।

## निदेशक मनीष सिंह ने सभी विजेता बच्चों को उनकी जीत हेतु बधाई व भविष्य के लिए दी शुभकामनायें

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एस के डी अकादमी के राजाजीपुरम निदेशक मनीष सिंह ने सभी विजेता बच्चों को उनकी जीत के लिए बधाई दी व भविष्य के लिए शुभकामनायें दी !शाखा के कक्षा आठ व कक्षा नौ में पढ़ने वाले अमृत व आकाश ने अलग अलग प्रतियोगिता में जैसे कि डिस्ट्रिक्ट ओपन अथलेटिक्स चौंपियनशिप में आकाश ने स्वर्ण पदक एवं अमृत ने रजत पदक शॉटपुट में जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया ! वही रीजनल ओपन अथलेटिक मीट में अमृत ने स्वर्ण व आकाश ने रजत पदक जीता. दोनों ही खिलाड़ियों ने शॉटपुट में ही स्वर्ण व रजत पदक प्राप्त किये। संस्था के निदेशक मनीष सिंह ने सभी विजेता बच्चों को उनकी



जीत के लिए बधाई दी व भविष्य के लिए शुभकामनायें दी !

## सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक–युवती की मौत : शव के ऊपर से गुजरे कई वाहन

कुशीनगर ब्यूरो : कुशीनगर जिले में फोरलेन हाईवे पर हाटा कोतवाली क्षेत्र के ढाढा चौराहे के पास बृहस्पतिवार की आधी रात को स्कूटी सवार युवक और युवती की दुर्घटना में मौत हो गई। दोनों गोरखपुर की तरफ से आ रहे थे। दुर्घटना के बाद कई वाहनों ने युवती के शव को रौंद दिया। राहगीरों की सूचना पर रात में करीब एक बजे पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। देवरिया जिले के सेमरी बघौचघाट निवासी अक्षय पाल(24) और विशाखापट्टनम, आन्ध्र प्रदेश की रहने वाली सोनी परवीन(22) गोरखपुर में एक पैथ कंपनी में कार्य करते थे। बृहस्पतिवार की रात दोनों एक स्कूटी से गोरखपुर से कसया की ओर जा रहे थे। आधी रात के समय हाटा कोतवाली ढाढा चौराहे के पास पहुंचे ही थे कि उनकी स्कूटी में किसी वाहन ने ठोकर मार दी, जिससे स्कूटी सहित दोनों सड़क पर गिर पड़े। कोई इनकी मदद के लिए पहुंचता तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।



युवती का शव सड़क पर गिरा होने के कारण कई वाहनों ने उसे रौंद दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को वहां से हटवाया। पहचान पत्रों के आधार पर दोनों की पहचान करके पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दी। सुबह मृतक युवक के परिवार के लोग हाटा कोतवाली पहुंचे। इस संबंध में हाटा कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## 24 दिसंबर क्रिसमस पर किया जायेगा साहिल सोंधी स्पेशल बॉन फायर पार्टी का आयोजन

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : 24 दिसंबर दिल्ली की सरदी में लिजिए हैंगओवर नाइट्स संग क्रिसमस पार्टी का मजा क्रिसमस आने में अब सिर्फ कुछ दिन का वक्त बचा है और हर कोई क्रिसमस के स्वागत की प्लानिंग में अपने–अपने तरीके से जुटा हुआ है। कोई घर पर परिवार के सदस्यों के साथ मौज–मस्ती की प्लानिंग कर रहा है तो कोई दोस्तों के साथ हैंगआउट और पार्टी करने के मूड में है और उसके लिए बेस्ट जगहों की तलाश में है। अगर आप भी 24 दिसंबर की रात दोस्तों के साथ एक बेहतरीन नाइट–आउट करना चाहते हैं तो हम आपको बता रहे हैं उन बेहतरीन जगहों के बारे में जहां पहुंचकर आप न सिर्फ पार्टी का मजा ले पाएंगे बल्कि दिल्ली की कड़कड़ाती ठंड को भी भूल जाएंगे। दिल्ली के सबसे बेस्ट, फाइनेस्ट और एक्सक्लूसिव नाइट क्लब्स में से एक है HOV BAR EXCHANGE HAUZ KHAS जो दिल्ली के साउथ ईस्ट इलाके में स्तिथ है। पर हैंगओवर नाइट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर साहिल सोंधी बेहतरीन पार्टी का आयोजन करते है और अगर आप चाहें तो आप भी इस पार्टी का हिस्सा बन सकते हैं। बेस्ट फूड, बेस्ट म्यूजिक और ऐल्कॉहॉलिक ड्रिंक्स के साथ यहां की पार्टी शहर की बेस्ट पार्टीज में से एक होती है। अगर आप किसी दिल्लीवाले से पूछें कि शहर के ज्यादातर पार्टी और बेस्ट पार्टी के लिए कहां जाते हैं तो ज्यादातर लोगों का जवाब हैंगओवर नाइट्स विथ साहिल सोंधी ही होगा। ऐसे में जब बात क्रिसमस पार्टी की हो रही हो तो हम 24 दिसंबर को साहिल सोंधी की फेमस पार्टी प्लेसेज HKV बार एक्सचेज HAUZ KHAS को कैसे भूल सकते हैं। अगर



आप क्रिसमस का स्वागत दोस्तों के साथ मौज–मस्ती करते हुए, डांस करते हुए और अनलिमिटेड ड्रिंक्स के साथ करना चाहते हैं तो पहुंच जाइए हैंगओवर नाइट्स की मस्ती भरी पार्टी में। आपको बता दे कि साहिल सोंधी की इस पार्टी में ड्रेस कोड का काफी खयाल रखा गया हैं ड्रेस कोड रेड और व्हाइट कलर का होगा जो भी कपल इस पार्टी में शिरकत करेगा अपने इस ड्रेस कोड से 24 दिसंबर को अपने प्यार से रंगीन कर देगा इतना ही नही इस पार्टी को होस्ट अन्नू खत्री स्पेशल बनाने के लिए साहिल सोंधी के साथ हाई लेवल मीटिंग कर रही हैं साहिल सोंधी जानते हैं कि क्रिसमस का त्यौहार साल में सिर्फ एक बार बनाया जाता हैं इसलिए साहिल सोंधी इस पार्टी को कुछ अलग तरीके से आयोजित करने वाले हैं। साहिल सोंधी को स्पेशल उनका बेस्ट वेन्यू और उनकी खास व्यवस्था ही बनाता है इसके लिए उन्हें बेस्ट पार्टी ऑर्गेनाइजर का अवार्ड भी मिल चुका है। साहिल सोंधी की इस पार्टी में डांसर, सिंगर, बॉलीवुड, हॉलीवुड के काफी बड़े सितारे शिरकत करने वाले हैं। जिसके लिए साहिल सोंधी और अनू खत्री तैयारी में लगे हैं।

## हिन्द मजदूर सभा कानपुर मंडल के कार्यकारणी की बैठक संपन्न

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : आज हिन्द मजदूर सभा कानपुर मंडल के कार्यकारणी की बैठक अध्यक्ष श्री तारणी कुमार पासवान जी के अध्यक्षता में स्थान–हर सहाय जगदम्बा इंटर कालेज पी. रोड के हाल मे सम्पन्न हुआ जिसमें अगामी 24/12 व 25/12/2022 को हिन्द मजदूर सभा के प्रांतीय अधिवेशन लखनऊ में होना प्रस्तावित हैं इस बैठक में सभी पदाधिकारियों ने अपना–अपना विचार रखे हिन्द मजदूर सभा के अध्यक्षा श्री तारणी कुमार पासवान ने बोलते हुए कहा कि सम्मेलन को सफल बनाने हेतु कानपुर के विजित संगठनों के पदाधिकारियो को जिम्मेदारी है अपने अपने सदस्यों के साथ उक्त तिथि पर अपने–अपने लखनऊ पहुंचे जिसमे, रेलवे, खाद्य निगम, एल.आई० सी ० रक्षा, केस्को (बिजली) के.डी०ए० के पदाधिकारियों ने अपने सदस्यों के साथ लखनऊ, प्रांतीय सम्मेलन में पहुंचने का हम्मी भरी। सभी लोगो ने कानपुर से प्रांतीय कार्यकारणी में सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया अपने सम्बोधन में अध्यक्ष जी ने कहा कि आप सभी को संगठित हो कर सभी श्रमिको को जोड़ने का काम करते हुए संगठन को मजबूत करे, तभी भविष्य में



श्रमिको का कल्याण सम्भव है इतना ही नहीं अध्यक्ष जी ने सभी को भरोसा दिया कि प्रांतीय संगठन में कानपुर का पूरा भागीदारी भविष्य में सुनिश्चित होगा इस बैठक में मुख्य रूप से योगेश ठाकुर महा–सचिव, राम भरोसे, रामाशंकर जी, रघुबीर सिंह, वी. के. यादव, प्रदीप कुमार खत्री, आर. एस. मिश्रा, कैलास पासवान, विनोद उर्फ पप्पू कैलास रूदल यादव, इन्द्रदेव, सिकंदर, राजेश, चन्दन, रवि रंजन सिंह सौरव मिश्रा, जितेन्द्र आदि मौजूद रहे!

## मेजर बीएस तोमर द्वारा अमर जवान ज्योति प्रज्वलित कर किया गया लोकार्पण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कन्नौज शहर के ग्वाल मैदान के करीब मोहल्ला सराय बहादुर में पूर्व सैनिकों की मौजूदगी में अमर जवान ज्योति का लोकार्पण हुआ । ज्योति जलाकर देश के लिए मर मिटने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। सराय बहादुर मोहल्ले में डॉ. मोहम्मद खालिद की क्लीनिक के सामने कई महीनों से अमर जवान ज्योति स्थल का निर्माण हो रहा था। निर्माण पूरा होने पर मेजर बीएस तोमर ने अमर जवान ज्योति जलाकर लोकार्पण किया। इस दौरान देश की खातिर अपनी जान गंवाने वाले मां भारती के सपूतों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। ज्योति स्थल पर लगाए गए शिलापट पर नगर पालिका परिषद में चेयरमैन रह चुके। सभी अध्यक्ष के नाम लिखाए गए। चेयरमैन शैलेंद्र अग्निहोत्री ने कहा कि नगर पालिका परिषद की ओर से इसका निर्माण कराया गया है। मां भारती के चरणों में अपना बलिदान देने वाले सच्चे सपूतों को पालिका ने श्रद्धांजलि देने का छोटा सा प्रयास किया है। इससे पर्यटन क्षेत्र में भी बढ़ावा मिलेगा। पूर्व सैनिकों ने कहा कि शहर में इस तरह का कोई स्थल नहीं था । इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव, पूर्व पालिकाध्यक्ष केशवदास टंडन, कांग्रेस नेता विवेक नरायन मिश्रा, अधिशाषी अभियंता नीलम चौधरी, पूर्व सैनिक एसके सिंह चंदेल, ब्रजपाल सिंह बघेल, शिवनारायण सिंह, संजय गुप्तारिसालदार शंकर







सिंह,हवलदार शिवमंगल सिंह,हवलदार राजेश सिंह शिशोदिया,सूबेदार बसिरुद्दीन,वेटरन संजीव गुप्ता व अन्य कई समाजिक संगठन के लोग मौजूद रहे।राष्ट्र गान के बाद भारत माता की जय, बंदेमातरम के जयकारों के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

## देश का समग्र विकास भारतीय चिंतन से ही संभव–सत्येन्द्र

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 17 दिसंबर 2022 से 25 दिसंबर 2022 तक चलने वाली "एकात्म यात्रा" अपने उद्देश्य को लेकर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय पहुंचीं। यहाँ पर स्थापित दीनदयाल शोधपीठ के तत्वावधान में गुरुवार को एकात्म यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। एकात्म यात्रा के संयोजक सत्येंद्र जी, डॉ विवेक तांगड़ी एवं सह संयोजक प्रबल चौहान ने कहा कि इस यात्रा को समाज से भारी जन समर्थन प्राप्त हो रहा हैं। जिस कारण एक आदर्श समाज को स्थापित करने कि दिशा में यह यात्रा निश्चित ही मील का पत्थर साबित होगी। एकात्म यात्रा के संयोजक निदेशक लोक नीति भारत सत्येंद्र ने कहा कि आध्यात्मिक संस्कृति ही हमारे राष्ट्र के मूल में समाहित हैं और भारत के समग्र विकास का इतिहास केवल भारतीय चिंतन के माध्यम से ही संभव किया जा सकता हैं। श्री सत्येंद्र ने बताया कि संविधान लागू होने के 75 वर्ष के पश्चात भी भारत के जन जन की भावना के अंश संविधान में समाहित होने से छूट गए। चलो जाने रामराज्य के अभियान प्रमुख, आध्यात्मिक चिंतक और यात्रा संयोजक डॉ विवेक तांगड़ी ने कहा कि आज समाज को युवा वर्ग के सक्रिय समाज निर्माण में सहयोग देने की आवश्यकता हैं । जब हम बदलेंगे–तो समाज बदलेगा–समाज बदलेगा तो राष्ट्र बदलेगा। संचालन डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह ने



किया। दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के सदस्य डॉ अनुराग मिश्र ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर डॉक्टर गिरधर मिश्र ,डॉ विवेक पांडेय, डॉ पुनीत धवन, डॉ राहुल राय, डॉ.अंकित कुमार, डॉ वनिता सिंह, डॉ प्रियंका कुमारी, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। यह यात्रा मथुरा से प्रारम्भ होकर , 30 जिले के 18 विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में एकात्म संवाद एवं यात्रा के विभिन्न पड़ाव स्थलों पर एकात्म संवाद, एकात्म चर्चा, ग्रामीण एकात्म संवाद, विचार गोष्ठी, चाय पर चर्चा और सामाजिक सांस्कृतिक संवाद के माध्यम से जागरूक कर रही है।

## चोरी के पैसे और गांजे के साथ युवक गिरफ्तार : चार नवम्बर को डिग्गी से उड़ाया था 98 हजार रुपया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर जौनपुर थाना क्षेत्र के चोरसंड अमोखर मोड़ के पास से बीती रात पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया जिसके पास से 1 किलो चार सौ ग्राम गांजा और चोरी के 4600 रुपये नगद बरामद हुए थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह के अनुसार मुखबिर की सूचना मिली कि चार नवम्बर को गौरा कस्बे से बाइक की डिग्गी से नगदी पैसा उड़ाने वाला युवक चोरसंड गांव के पास है सूचना पर चौकी प्रभारी गौरा रामजी सैनी अपने हमराहियों के साथ जब पहुंचे तो देखा एक संदिग्ध युवक खड़ा है पुलिस ने उक्त युवक को पकड़ कर तलाशी ली तो उसके पास से गांजा और डिग्गी से उड़ाए गए पैसे में 4600 बचा हुआ पैसा बरामद किया पकड़े गए युवक ने अपना नाम पवन उपाध्याय निवासी बिथार बताया जिसके ऊपर पहले से अन्य मुकदमे कायम है।

## मुखबिर की सटीक सूचना पर 20 हजार का इनामी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस को मुखबिर की सटीक सूचना पर गुरुवार की भोर एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। पुलिस बीस हजार के इनामिया को पकड़ने में सफल हुई है। वर्षों पूर्व घर में सो रहे परिवार के लोगों पर चाकू व राड से हमलाकर लाखों के आभूषण व नकदी चोरी कर भागने के आरोपित को पुलिस ने गौसपुर बाजार से धर दबोचा। आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे चलान न्यायालय भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर किशोर कुमार चौबे ने बताया कि आगरा जनपद के फतेहाबाद थाना क्षेत्र परौली गांव निवासी रामेश्वर निषाद सात वर्ष पूर्व स्थानीय थाना क्षेत्र के कैराडीह गांव के श्रीचंद यादव के शाहगंज मार्ग स्थित भवन में किराए का कमरा लेकर कबाड़ का धंधा कर रहा था। गृह स्वामी भी उसे परिवार की तरह ही मानने लगे। वह घर के अंदर तक आता जाता था। कुछ माह बाद पैसों की चाह ने रामेश्वर की नियत बदल दिया। वह मन ही मन मकान मालिक के घर में रखे गहने और नकदी पार करने की योजना बनाने लगा। घटना को अंजाम देने के लिए तीन और साथियों को मिला लिया। 8 अप्रैल 2016 की रात वह अपने तीन और साथियों के साथ गृहस्वामी के घर के भीतर दाखिल हो गया। लोहे की आलमारी की चाभी खोज रहे थे कि श्रीचंद की नींद खुल गई। जब वे शोर मचाना चाहे तो एक ने उनका मुंह दबा दिया। दूसरा लोहे की राड व चाकू से उन पर हमला करने लगा। भयभीत श्रीचंद कुछ बोल न सके। रामेश्वर घर के कोने कोने से पूर्व परिचित था ही। उसने भीतर रखी चाभी से आलमारी खोल लगभग एक लाख कीमत के आभूषण और तीस हजार नकदी निकाल कर चारों वहां से चंपत हो गए। डरे सहमे श्रीचंद जब चोर उनके घर से दूर भाग गए।तब शोर मचाना शुरू किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रामेश्वर पर 20 हजार का इनाम घोषित किया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए कई बार आगरा जाकर दबिश दी गई। लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। मुखबिर से जानकारी मिली कि वह एक दो माह में खुटहन जरूर आता है। गुरूवार की भोर में मुखबिर की सटीक सूचना पर अपराध निरीक्षक राम प्रवेश यादव,उप निरीक्षक राजित राम यादव, कांस्टेबल संतोष, सुदर्शन और अखिलेश को लेकर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह जी के जन्मदिवस पर किसान सम्मान दिवस का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : भूतपूर्व प्रधानमंत्री मा0 स्व0 चौधरी चरण सिंह जी के जन्मदिवस के अवसर पर किसान सम्मान दिवस का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र बक्शा में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूवात की। पशुपालन, उद्यान, मत्स्य व गन्ना विभाग आदि के पैदावार में अच्छा कार्य करने वाले प्रगतिशील 40 किसानों को प्रशस्ति–पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा किसान मेले, विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रर्दशनी का अवलोकन कर उन्हे आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया। इस दौरान भारी संख्या में किसान मौजूद रहें, जिन्हे विभाग के तरफ से जागरूक किया गया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि किसान वैज्ञानिक खेती कर कम लागत में अधिक मुनाफा प्राप्त कर अपनी आय दोगुनी कर सकते है। उन्होंने कहा कि किसानों को सम्मानित करने का उददेश्य है कि अन्य किसान भी इन किसानों से प्रेरणा लें। कृषि के क्षेत्र में महिलाए उल्लेखनीय कार्य कर रही है अन्य महिलाओं से भी अपील है कि वे आगे आये और वैज्ञानिक तकनीकी से खेती करते हुए आजीविका में वृद्वि करें। उन्होंने अपील किया कि किसान मृदा परीक्षण अवश्य कराये, फसलों के नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए फसल बीमा कराए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन किसानों की आय दोगुनी करने में सभी प्रकार से सहयोग कर रहा है किसानों को समय से खाद उपलब्ध हो तथा सिचाई के लिए नहरों में पानी रहे इसके लिए प्राथमिकता पर कार्य कर रही हैं। उन्होंने निर्देश




दिया कि जनपद में काले गेंहू की खेती को बढावा दिया जाये। कृषि वैज्ञानिक डा. सुरेश कनौजिया के द्वारा विस्तार से किसानों को तकनीकी कृषि के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। कृषि वैज्ञानिक डा. संदीप, डा. अमित कुमार, डा. सुरेन्द्र प्रताप, डा. अनिल यादव ने किसानों को जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन अपर जिला कृषि अधिकारी डा. रमेशचन्द्र यादव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपकृषि निदेशक जयप्रकाश, जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव, जिला कृषि अधिकारी के.के सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश सिंह राना, देवराज पाण्डेय, अंजनी उपाध्याय, अमित मिश्र, सुरेंद्र शर्मा, श्रवण कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी द्वारा विकासखण्ड बक्शा में चल रहे हर घर जल नल कार्य का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा विकासखण्ड बक्शा के ग्राम पंचायत वीरभानपुर में चल रहे हर घर जल नल कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि बोरवेल का कार्य पूर्ण हो चुका है। पानी की टंकी का सीविल कार्य धीरे चल रहा था जिस पर वेलस्पन के प्रोजेक्ट मैनेजर कृष्णा तिवारी को निर्देशित किया कि मजदूरों की संख्या बढाकर कार्य में तेजी लाये और समय से कार्य पूर्ण करायें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर सुनील कुमार भारती, एक्सईएन जलनिगम राजेश गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

## तीन दिन से बिजली से महरुम हैं डढ़िया गांव के लोग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के डढ़िया गांव में तीन दिन से बिजली की आपूर्ति ठप रहने से पचास से उपभोक्ता हलकान हैं! बस्ती के लोग रोशनी तथा पीने के पानी न मिलने से लोग परेशान है! 50 घरों की बस्ती डढ़िया गांव में जर्जर तारों को हटाकर एबीसी केबल से के माध्यम से अभी हाल में ही आपूर्ति दी गई थी। अत्यधिक लोड के चलते सोमवार की रात केबल धूं–धूं कर जल गई। जिससे पूरा गांव तीन दिन से अंधेरे में रहने को मजबूर है। सबसे बड़ी समस्या पीने के पानी की है। इस संबंध में एसडीओ रंजीत कुमार ने बताया कि केबल बदलने का काम चल रहा है। शुक्रवार तक सेवा बहाल हो जाएगी।

### अनियंत्रित बाइक सवार पेड़ में मारी टक्कर : मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी थाना क्षेत्र के हँसिया बिन्द बस्ती के पास अनियंत्रित बाइक सवार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गए।जिसमें बाइक सवार में से एक की मौत हो गयी जबकि दूसरा घायल हो गया।आसपास के लोगो ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी बरसठी भेजा,जहां पर दोनों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान एक की मौत हो गयी, दूसरे की हालत गंभीर बतायी जा रही है। प्राप्तजानकारी के अनुसार भदोही जिले के सुरियावां अभोली निवासी मनीष गौतम व भैरव क्षेत्र के चंद्रभानपुर गांव में रिस्तेदारी आये थे।दोपहर में वापस जाते समय मियाचक निगोह मार्ग पर हँसिया बिन्द बस्ती के पास बाइक संख्या यूपी 66 एडी 7265 सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकराकर बुरी तरह से घायल हो गये।तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुँचे दोनो को एम्बुलेंस से सीएचसी भेजा गया।सीएचसी पर प्रथम उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जहां पर इलाज के दौरान 35 वर्षीय मनीष गौतम की मौत हो गयी,जबकि दूसरे घायल भैरव का इलाज चल रहा है।एसआई राजकुमार यादव ने बताया कि घायल मनीष का जिला अस्पताल में मौत हो गयी है,दूसरे का इलाज चल रहा है।शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही परिजन व रिस्तेदार मौके पर पहुँच गए है।

## जिलाधिकारी के आदेश पर ग्राम ग्राम पंचायत अधिकारी को किया निलंबित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकासखंड रामनगर की ग्राम पंचायत अधिकारी विष्णुप्रिया सिंह को जिलाधिकारी ने बुद्धवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।बता दें कि विकासखंड रामनगर के बहरी ग्राम पंचायत के कुटुंब रजिस्टर व मृत्यु प्रमाण पत्र की हेराफेरी में संलिप्त पाए जाने पर जिलाधिकारी के आदेश पर ग्राम पंचायत अधिकारी विष्णु प्रिया सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।ग्राम पंचायत अधिकारी विष्णुप्रिया सिंह द्वारा कुटुंब रजिस्टर की हेरा फेरी तथा रजिस्टर बदलने में संलिप्तता पाया गया, हाईकोर्ट के आदेश पर जिलाधिकारी द्वारा जांच कराई गई जिसमें ग्राम पंचायत बहरी बैजनाथ दुबे का मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 10/ 8 /1999 ग्राम पंचायत बहरी में पूर्व में कार्यरत पंचायत अधिकारी शैलेन्द्र सिंह द्वारा जारी किया गया था वहीं पर बैजनाथ दूबे ग्राम बहरी का मृत्यु प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत अधिकारी विष्णुप्रिया द्वारा 20/11/1999 डेट बनाकर दिया गया जांच कराने पर पता चला कि विष्णुप्रिया द्वारा जारी किया गया कुटुम्ब रजिस्टर व मृत्यु प्रमाण पत्र गलत पाया गया तथा पुरानी कुटुम्ब रजिस्टर को बदलकर रजिस्टर नया बनाया गया है उस पर किसी सक्षम अधिकारी का हस्ताक्षर नहीं है इसी कारण हाई कोर्ट के आदेश पर जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत अधिकारी विष्णु प्रिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।इस संदर्भ में एडीओ पंचायत उमाकांत पांडेय ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर कुटुम्ब रजिस्टर में कूटरचित व छेदछाड करने के मामले में पंचायत अधिकारी को निलंबित किया गया है।

## पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की मनाई गई 120वीं जंयती

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव के अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के 120 वीं जंयती समारोह के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया गया चौधरी चरण सिंह के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए लाल बहादुर यादव ने कहा चौधरी चरण सिंह भारत के गृहमंत्री उपप्रधानमंत्री और दो बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रहे और भारत के पांचवें प्रधानमंत्री थे चरण सिंह किसानों की आवाज बुलंद करने वाले नेता




माने जाते थे प्रधानमंत्री के रूप में उनका कार्यालय 28 जुलाई 1979 से 14जनवरी 1980 तक रहा चौधरी चरण सिंह की व्यक्तित्व देहाती छवि का था सादा जीवन उच्च विचार में विश्वास रखते थे इस कारण पहनावा एक किसान की सादगी और दर्शाता था एक प्रशासक के तौर पर उन्हें काफी सिद्धांतवादी और अनुशासन प्रिय माना जाता था यह सरकारी अधिकारियों की लालफीताशाही तथा भ्रष्टाचार के प्रबल विरोधी थें चरण सिंह सामाजिक न्याय के पोषक और लोक सेवा भावना से ओतप्रोत रहे चरण सिंह एक राजनीतिक थे और हर राजनीतिज्ञ की एक संभावित इच्छा होती है वे राजनीतिक ऊंचाइयों पर पहुंचे इनमें कुछ भी अनैतिक नहीं था चरण सिंह अछ्छे वक्ता और बेतहरीन सांसद भी थे वह जीस काम को करने का मन बना लेते थें फिर उसे पूरा करके ही रहतें थें चौधरी चरण सिंह राजनीतिक में स्वच्छ रखने वाली इंसान थे जिसका जीता जागता उदाहरण यही है कि जब उनको अपनी विरासत देनी थी तो उन्होंने राजनीतिक विरासत मुलायम सिंह यादव को दिया वरासत अपने बेटे चौधरी अजीत सिंह को दिया वें अपने समकालीन लोगों को समान गांधीवादी विचारधारा में यकीन रखते थे स्वत्रंतता प्राप्त करने के बाद गांधी टोपी को कई बड़े नेताओं ने त्याग दिया था लेकिन चौधरी चरण सिंह ने इसे जीवन पर्यन्त धारण किए रखा जंयती समारोह में मुख्य रूप से यशवंता यादव, राजेंद्र यादव, टाइगर,प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी,दीपचंद राम,श्रवण जयसवाल,आशा राम यादव, पूनम मौर्या, गप्पू मौर्या, आनंद मिश्रा, कलीम अहमद,कमालुद्दीन अंसारी मनोज मौर्या, रतन साहू, कृष्णा यादव,विकास यादव,सोनी यादव, तारा त्रिपाठी,गुड्डू सोनकर, भानु प्रताप मौर्या, मेवालाल गौतम,धर्मेंद्र सोनकर,दिनेश फौजी, महेश साहू,अरुण यादव,संचालन जिलाउपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल ने किया।

## 24 दिसम्बर 2022 को लखनऊ में होगी स्पायर अवार्ड मानक योजना 2021 राज्य स्तरीय प्रदर्शनी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। इंस्पायर अवार्ड मानक योजना 2021 राज्य स्तरीय प्रदर्शनी की तिथि व् समय में आंशिक परिवर्तन करते हुए दिनांक 24 दिसम्बर 2022 की प्रातः 8 बजे से लखनऊ पब्लिक कोलेजिएट,रूचि खण्ड –1 शारदा नगर बँगला बाजार रोड लखनऊ में होगी संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय लखनऊ के मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ दिनेश कुमार ने बताया कि इस बार राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के आयोजन की जिम्मेदारी शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ महेंद्र देव द्वारा जे डी माध्यमिक लखनऊ सुरेन्द्र कुमार तिवारी को दी है,जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं, जे डी लखनऊ सुरेन्द्र तिवारी ने इस प्रदर्शनी के आयोजन के लिए नोडल के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ राकेश कुमार पाण्डेय,जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय दिनेश कुमार सिंह राठौर सहित अपनी पूरी टीम को व्यवस्था में लगा दिया है तथा आवासीय प्रभारी के रूप में श्रीमती रीता सिंह सह निरीक्षक आंग्ल भारतीय विद्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ, श्रीमती मीनाक्षी द्विवेदी प्रिंसिपल जी जी आई सी माल लखनऊ, व् अचलेश सिंह राठौर प्रिंसिपल राजकीय हाईस्कूल मवई लखनऊ को नियुक्त किया है,प्रदर्शनी की अनुशासन व्यवस्था में प्रिंसिपल रेनू सिंह चौहान व प्रिंसिपल अनिल कुमार वर्मा को लगाया गया है,डॉ दिनेश कुमार ने बताया प्रदेश के कुल 59 जनपदों से जनपद स्तरीय प्रदर्शनी से चयनित कुल 121 प्रतिभागियों के नवाचारी माडल शोकेश किये जायेंगे इस प्रदर्शनी में प्रतिभाग करेंगे जिनमे 69 छात्र व 52 छात्राएं प्रतिभाग करेंगे प्रदर्शनी के एक एक माडल का मुल्यांकन करने के लिए शिक्षा निदेशक माध्यमिक स्तर से उच्च कोटि के वैज्ञानिकों को नियुक्त किया गया है दूरस्थ जनपदों से 23 दिसम्बर 2022 को आने वाले प्रतिभागियों के ठहरने के लिए दो विद्यालयों में व्यवस्था की गयी है जिसमे से लखनऊ पब्लिक कोलेजिएट,रूचि खण्ड –1 शारदा नगर बँगला बाजार रोड लखनऊ में कुल 37 जनपदों से आने वाले प्रतिभागियों तथा कृष्णा पब्लिक स्कूल रतन खण्ड शारदा नगर बँगला बाजार रोड लखनऊ में 22 जनपदों से आने वाले प्रतिभागियों के ठहरने की व्यवस्था की गयी है, प्रदर्शनी का समापन व् पुरष्कार वितरण समारोह 24 दिसम्बर 2022 की अपरान्ह 3 बजे प्रदर्शनी स्थल लखनऊ पब्लिक कोलेजिएट, रूचि खण्ड –1 शारदा नगर बँगला बाजार रोड लखनऊ में ही किया जाएगा । प्रदर्शनी में शोकेश किये जाने वाले माडल्स को देखने के लिए कोई भी विद्यालय के छात्र छात्रा,शिक्षक, शिक्षिका अभिभावक 24 दिसम्बर की प्रातः 9 बजे से देखने आ सकते हैं ।

## रास नहीं आ रहीं रामगढ़ताल की मछलियां : ठेके की बढ़ी अवधि

गोरखपुर ब्यूरो : रामगढ़ताल में मछली पालन और उसका शिकार गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) के लिए घाटे का सौदा तो बना ही है, ठेके के लिए कोई समिति भी आगे नहीं आ रही। करीब साल भर के भीतर दो टेंडर निरस्त हो गए । तीसरी बार टेंडर निकला तो कोई आवेदन करने ही नहीं आया। एक महीने का समय बीत जाने पर भी कोई ई–निविदा नहीं आने पर जीडीए ने अब आवेदन का समय 31 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दिया है। चार जनवरी को नीलामी होगी। करीब चार साल पहले एक अप्रैल 2019 में 22.79 करोड़ रुपये में पांच साल के लिए रामगढ़ताल में मछली पकड़ने का ठेका फाइनल हुआ था। इतनी मोटी रकम की बोली लगने पर प्राधिकरण के तत्कालीन अधिकारी बहुत उत्साहित थे। वर्ष 2019 के पहले यही ठेका 2.60 करोड़ रुपये में हुआ था। मगर अधिकारियों का 20 करोड़ रुपये के मुनाफे का सपना तीन साल में ही टूट गया। ठेका पाने वाली मत्स्यजीवी समिति तीन साल में ठेके की पूरी रकम अदा करने की शर्त के विपरीत केवल 5.19 करोड़ रुपए ही जमा करने में हांफ गई । बार–बार की चेतावनी के बाद भी समिति ने रुपये नहीं जमा किए तो प्राधिकरण ने पिछले साल सितंबर 2021 में मछली मारने पर रोक लगाने के साथ ही टेंडर निरस्त कर दिया। अनुबंध के तहत ठेका पाने वाली मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड रामगढ़ उर्फ महेरवा की बारी, कूड़ाघाट को 28 जून 2024 तक मछली पकड़ने का अधिकार मिला था। अनुबंध में प्राधिकरण ने समय–समय पर एक



निश्चित राशि भी जमा करने की शर्त लगाई थी। पहले और दूसरे साल 40–40 फीसदी और तीसरे साल बाकी बची 20 फीसदी रकम जमा करनी थी। यानी समिति को तीन साल में पूरी रकम 22.79 करोड़ रुपये जमा करनी थी जो कि वह जमा नहीं कर सकी। इसके बाद जीडीए दो बार टेंडर निकाला लेकिन उसे निरस्त करना पड़ा। तीसरी बार 21 नवंबर को ई–निविदा निकाली गई और 20 दिसंबर तक आवेदन की आखिरी तिथि थी। 22 को नीलामी होनी थी लेकिन कोई आवेदन ही नहीं आया।अब प्राधिकरण ने फिर अवधि बढ़ा दी है। प्राधिकरण के जिम्मेदारों का कहना है कि जन सामान्य के अनुरोध पर आवेदन का समय बढ़ाया गया है। इस बार निलामी की न्यूनतम बोली करीब 11 करोड़ से शुरू होने की शर्त रखी गई हैं। मछली मारने वाली समितियां इस रकम को भी अधिक मान रही हैं।

## एसपी ने 10 पुलिसकर्मियों का बदला कार्यक्षेत्र : फेफना थानाध्यक्ष लाइन हाजिर

बलिया ब्यूरो : कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए एसपी राजकरन नय्यर ने 10 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन कर दिया है। फेफना थानाध्यक्ष और यहां के अपराध निरीक्षक को लाइन हाजिर कर दिया गया है। एक और उप निरीक्षक को थाने की कमान सौंपी गई है। एसपी ने दोकटी थानाध्यक्ष उप निरीक्षक रोहन राकेश सिंह को फेफना थानाध्यक्ष बनाया है। वहीं, पुलिस चौकी सीयर प्रभारी उपनिरीक्षक मदन पटेल को दोकटी थाने की कमान सौंपी गई है। यातायात प्रभारी उप निरीक्षक विश्वदीप सिंह को नगरा थाने पर भेजा गया है। पुलिस लाइन से निरीक्षक राकेश कुमार सिंह को यातायात प्रभारी के पद पर भेजा गया है। उधर, पुलिस लाइन से निरीक्षक सोनू कुमार को निरीक्षक (अपराध) रेवती तथा निरीक्षक संजय शुक्ला को निरीक्षक (अपराध) शहर कोतवाली की जिम्मेदारी दी गई है। सुखपुरा




थाने से कांस्टेबल रोहित वर्मा को आंकिक शाखा तथा पुलिस लाइन से कांस्टेबल अर्जुन यादव को सर्विलांस सेल में भेजा गया है।

## लाट भैरव मंदिर से जुड़े वाद पर कोर्ट ने सुनीं दोनों पक्ष की दलीलें : 12 जनवरी को होगी सुनवाई

वाराणसी ब्यूरो : अष्ट भैरव में प्रथम अति संवेदनशील लाट भैरव मंदिर से जुड़े एक अन्य वाद की सुनवाई गुरुवार को सिविल जज सीनियर डिविजन अश्वनी कुमार की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने दोनों पक्ष की दलीलें सुनीं, फिर मामले की अगली सुनवाई अब 12 जनवरी तय कर दी। इस मामले में विपक्षी बनाए गए पक्षकार सरदार मकबूल, अनिसूर रहमान व एक अन्य कोर्ट में गजट प्रकाशन के बाद हाजिर हुए। इन पर कब्जा करने का आरोप है। अधिवक्ता मदनमोहन यादव के मुताबिक, अनुराग द्विवेदी व विकास वर्मा की तरफ से यह वाद फरवरी 2021 में दाखिल किया गया था। इसमें कहा गया कि स्कन्द पुराण में लाट भैरव का जिक्र कपाल भैरव के



रूप में किया गया है, जो जैतपुरा क्षेत्र में है और अति संवेदनशील व पुलिस की सुरक्षा में है। 5 एकड़ में संतों की समाधि थी, जिसे कब्जा कर लिया गया। अदालत से संतों की समाधि कब्जा धारकों से मुक्त करने, भव्य मंदिर निर्माण, स्तवन पूजन, राग भोग व आरती की अनुमति का अनुरोध किया गया है। 13वीं शताब्दी में लाट भैरव की ऊंचाई 32 फुट थी, जो वर्तमान में सिर्फ आठ फुट रह गई है। इसे जौनपुर के सर्की सल्तनत के बादशाह ने क्षतिग्रस्त किया था। इस वाद में भारत सरकार को भी पक्षकार बनाया गया है। लाट भैरव की मान्यता दक्षिण भारत में कपाल भैरव के रूप में बहुत ज्यादा है। कहा जाता है कि दर्शन से ग्रहदशा सुधरती है। वाराणसी के अष्ट भैरव में लाट भैरव को पहला दर्जा प्राप्त है।

## आरटीओ प्रवर्तन ने चीनी मिल में वाहनों में लगाएं जा रहे रिफ्लेक्टर का औचक निरीक्षण कर दिलाई शपथ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गुरुवार को आरटीओ रितु सिंह ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ रोजा चीनी मिल जाकर वाहनों में लगाएं जा रहे रिफ्लेक्टर का औचक निरीक्षण किया।वही इसी कड़ी में कोहरे से बचाव के बारे में किसानों को शपथ दिलाई।बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड इकाई रौजागांव के केन यार्ड में आर टी ओ प्रवर्तन रितू सिंह,एआरटीओ प्रवर्तन प्रवीण कुमार सिंह,यात्री कर अधिकारी संदीप चौधरी इकाई प्रमुख सुधीर कुमार एवं महाप्रबंधक गन्ना इकबाल सिंह तथा सैकड़ों किसानों की उपस्थिति में गन्ने से लदी ट्रालियों में रिफ्लेक्टर लगाकर कोहरे से बचाव के बारे में किसानों को शपथ दिलाया।इसके साथ ही साथ यातायात एवं सड़क सुरक्षा से सम्बंधित नियमों के बारे में आर टी ओ प्रवर्तन रितू सिंह के द्वारा जानकारी दी गई।इस मौके पर इकाई प्रमुख सुधीर कुमार ने बताया कि पेराई सत्र 2022–23 में दिनांक 17 दिसंबर 2022 तक के क्रय किए गए गन्ने का गन्ना मूल्य 10.86 करोड़ रुपए का भुगतान दिनांक 22–12–2022 को कर दिया गया है तथा किसानों का गन्ना मूल्य सम्बंधित किसानों के बैंक खाते में भेज दिया गया है।इसी क्रम में महाप्रबंधक गन्ना इकबाल सिंह ने सभी किसानों से अनुरोध किया कि आप सभी किसान भाई चीनी मिल को साफ सुथरा करने के साथ साथ जड़,मिट्टी,अगोला,पत्ती एवं हरा जूना रहित ताजा गन्ना आपूर्ति करें।पर्ची का



एस एम् एस आने पर ही गन्ने की कटाई करें साथ ही सभी किसानों से अपील की गई कि चीनी मिल द्वारा कोहरे को देखते हुए दुर्घटना से बचाव के लिए रिफ्लेक्टर 24 घंटे लगाएं जा रहें हैं सभी किसान भाई अपने वाहनों में रिफ्लेक्टर अवश्य लगवाए।इस मौके पर सहायक महाप्रबंधक गन्ना प्रदीप कुमार,कारखाना प्रबंधक धनंजय कुमार सिंह,गन्ना प्रबंधक विकास सिंह,उप गन्ना प्रबंधक अजीत राय,सहायक गन्ना प्रबंधक अमित कुमार सिंह,सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार पांडेय तथा कृषक गण बालगोविंद सिंह,अशोक कुमार,बृजेश यादव, हनीफ, अखिलेश सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## बेनीगंज रेलवे व साकेत पुरी संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त : पार्षद व नगर निगम कर्मी साधे हैं चुप्पी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बेनीगंज रेलवे क्रासिंग से होते हुये साकेत पुरी को जाने वाली सड़क की मरम्मत न होने के चलते उधर से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।जिसके चलते इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों का गुस्सा वहां पर वर्तमान पार्षद व नगर निगम कर्मियों के प्रति देखा जा सकता है। मालूम हो कि इस मार्ग पर अनेकों स्कूल,दो से तीन अस्पताल, क्लीनिक, आफिस स्थित है। वही सबसे बड़ी बात है यह है कि यह मार्ग बेनीगंज – साकेत पुरी संपर्क मार्ग होने के साथ साथ यह मार्ग सीधे लखनऊ गोरखपुर राजमार्ग पर निकलता है।जिसके चलते इस मार्ग से लोगों की आवाजाही भारी संख्या में बनी रहती हैं।वही इस मार्ग पर स्कूल कालेज,अस्पताल, क्लीनिक आदि होने के चलते छात्र–छात्राओं, रोगियों व उनके तीमारदारों के साथ साथ भारी संख्या में लोगों की आवाजाही बनी रहती है।मालूम हो कि इस मार्ग के बीच बीच में बड़े बड़े गड्ढे दिखाई दे रहे हैं।वही इधर से गुजर रहे इन लोगो का सामना इस गड्ढों का सामना करना पड़ रहा है।वही इसी कड़ी में यहां पर रहने वाले लोगों का कहना है इस मार्ग के निर्माण के लिये कई बार पार्षद व नगर निगम कर्मियों को अवगत कराया गया था परंतु इस गंभीर समस्या पर कोई सुनवाई नही हुई।जिसको लेकर वहां के स्थानीय लोगों व इधर से गुजरने वाले राहगीरों में इससे संबंधित विभाग के कर्मियों व पार्षद के प्रति आक्रोश व्याप्त है। कुल मिलाकर इस मार्ग की दशा काफी दयनीय दिखाई दे रही है जिसको लेकर यहां के स्थानीय लोगो में नाराजगी दिखाई दे रही है।

## माघ मेला को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सीएफओ प्रयागराज ने कर्मियों को किया प्रशिक्षित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) माघ मेला मीडिया सेल प्रयागराज के मुताबिक गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स माघ मेला प्रयागराज के मानसरोवर सभागार में उपस्थित अधिकारियों/ कर्मचारियों



की एक बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में माघ मेला के दौरान आपातकालीन यातायात की योजना, आपदा प्रबंधन (सुरक्षा व बचाव) तथा माघ मेला में पुलिस के कर्तव्य आचरण के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के प्रथम चरण में उप निरीक्षक यातायात अवधेश यादव ने पांटून पुलों पर आवागमन योजना तथा आपातकाल में यातायात की योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।वही द्वितीय चरण में पुलिस उपाधीक्षक माघ मेला प्रेम प्रकाश यादव द्वारा मेले के क्षेत्रफल विभाजन व जोन/सर्किल,थाना /चौकी की जानकारी दी गई।वही इसी कड़ी में प्रशिक्षण के अंतिम चरण में मुख्य अग्निशमन अधिकारी उमेश गौतम ने अग्निशमन योजना तथा आपातकाल में अग्नि से सुरक्षा और बचाव के संबंध में वहां पर मौजूद सभी कर्मियों को प्रशिक्षित किया।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक माघ मेला आदित्य कुमार शुक्ल मौजूद रहे।

## अभी लोगों के मन से का डर गया नहीं कि दुबारा फिर सताने लगा कोरोना का भय

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)इस समय एक बार फिर चीन सहित अन्य देशों में तेजी से कोरोना वायरस अपना पांव पसार चुका है। जिसके चलते इस वायरस से अनेक लोगों की आसामाजिक मृत्यु हो रही है।इस बार यह वायरस बीएफ –7 के नाम का नया वायरस है।यह वायरस धीरे–धीरे भारत देश में भी अपना पांव पसार रहा है। जिसके चलते अगर देखा जाए तो पिछले 24 घंटे में भारत में भी इस वायरस के पांच केस पाये गये हैं। इस वायरस पर अंकुश लगाने के लिये जहां एक ओर केन्द्र व राज्य सरकार बैठक कर सभी को कोविड–19 नियमों का पालन करने व अन्य दिशा निर्देश संबंधित विभाग को दे रहे हैं।वहीं इसी कड़ी जिलाधिकारी नितीश कुमार ने स्वास्थ्य विभाग कर्मियों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस वायरस को रोकने के लिये कोविड–19 नियम का सख्ती से पालन कराये।जिसके चलते एक ओर जहां इस नये वायरस के चलते आम जनमानस की चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ साफ दिखाई दे रही है वहीं दूसरी ओर इनके साथ साथ इस बार नगर निकाय चुनाव में दावेदारी कर रहे उम्मीदवारों पर भी कोरोना वायरस को लेकर परेशान दिखाई दे रहे हैं।शहर वासियों का मानना है कि चिकित्सकों के मुताबिक कोरोना काल का पीक समय नब्बे दिन यानि कि जनवरी,फरवरी व मार्च महीना है। जिसमें अगर देखा जाय तो इस बीच इंटर व हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा का संचालन,शादी विवाह सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन होता है।परंतु कोरोना काल से से बोर्ड की परीक्षा में बैठने वाले परीक्षार्थियों की परीक्षा प्रभावित होती है वही शहर के लोगों का व्यवसाय आदि भी प्रभावित होता है।जिसको लेकर गुरुवार को इन सभी लोगों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ साफ दिखाई दे रही है कि आने वाले दिनों में क्या होगा।इन सबसे ज्यादा चिंता उन लोगों के चेहरे पर दिखाई दे रही है जो इस बार नगर निकाय चुनाव में दावेदारी प्रस्तुत कर रहे हैं।इन सभी के मन में भी शंका दिखाई दे रही है कि आगे क्या होगा। फिलहाल चाहे जो भी हो एक बार फिर कोरोना के दस्तक देने से सभी लोग परेशान दिखाई दे रहे हैं। क्योंकि इससे निपटने के लिये केन्द्र सरकार, राज्य सरकार व जिला प्रशासन बैठक कर सख्त दिशा निर्देश जारी कर रहे हैं कि सभी लोग कोविड – 19 नियम का पालन करें।

## 32 स्विस मेहमानों को काशी लेकर आएगा क्रूज : देखेंगे चुनार किले की तिलिस्मी दुनिया

वाराणसी ब्यूरो : कोलकाता से 32 स्विस मेहमानों को लेकर गंगा विलास क्रूज छह जनवरी को वाराणसी पहुंचेगा। विदेशी पर्यटक काशी में धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटक स्थलों का भ्रमण कर यहां की संस्कृति से रूबरू होंगे। इसके बाद यह क्रूज 13 जनवरी को काशी से बोगीबील (डिब्रूगढ़) रवाना होगा। गंगा विलास क्रूज के निदेशक राज सिंह ने बताया कि गुरुवार को गंगा विलास क्रूज कोलकाता से 32 स्विस नागरिकों को लेकर चल चुका है। छह जनवरी को क्रूज वाराणसी पहुंच जाएगा। विदेशी मेहमान यहां के धरोहरों, पर्यटक स्थलों के अलावा स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद चखेंगे। 3200 किलोमीटर की यात्रा क्रूज से 52 दिनों में पूरी होगी। क्रूज इन मेहमानों को भारत व बांग्लादेश के 27 रिवर सिस्टम से गुजरते हुए सुंदरबन आदि का भ्रमण कराएगा। विदेशी मेहमान देखेंगे चुनार किले की तिलिस्मी दुनिया ये स्विस मेहमान चुनार किले का भी भ्रमण कर चंद्रकांता संतति की तिलिस्मी दुनिया को जानेंगे। गंगा विलास भारत निर्मित पहला रिवरशिप है। यह विश्व विरासत से जुड़े 50 से अधिक स्थलों का भ्रमण कराएगा। इसमें सुंदरबन डेल्टा और काजीरंगा नेशनल पार्क भी शामिल है। क्रूज पर गीत संगीत के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

## भाजपा ने मनोनयन के लिए केंद्रीय नेतृत्व को भेजे नाम : संघ व संगठनों के पदाधिकारी भी शामिल

लखनऊ ब्यूरो : भाजपा ने विधान परिषद में मनोनीत कोटे की रिक्त छह सीटों पर मनोनयन के लिए पैनल तैयार केंद्रीय नेतृत्व को भेज दिया है। अब राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह और महामंत्री संगठन बीएल संतोष नाम तय करेंगे। संभावना है कि पार्टी आगामी निकाय और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर परिषद में दलित और पिछड़े वर्ग का प्रतिनिधित्व बढ़ा सकती है। इसमें मूल काडर के साथ राष्ट्रीय स्वयं संघ के वैचारिक संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों को भी जगह मिल सकती है। विधान परिषद में मनोनीत कोटे की तीन सीटें इस साल 28 अप्रैल और तीन सीटें 26 मई को रिक्त हुई थीं। करीब सात महीने बीतने के बाद भी नामों पर एकमत न होने से अभी तक मनोनयन नहीं हो पाया है। सूत्रों के मुताबिक बुधवार शाम मुख्यमंत्री आवास पर हुई बैठक में मनोनयन के लिए मंथन हुआ। कोर कमेटी ने 18 से अधिक नामों का पैनल तैयार किया है। इसमें पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों, क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ अग्रिम मोर्चे और विभागों के पदाधिकारियों के नाम शामिल हैं। परिषद में अभी दलित और पिछड़े वर्ग का पर्याप्त प्रतिनिधित्व सामान्य वर्ग के सदस्यों के मुकाबले कम है। ऐसे में पार्टी जातीय संतुलन बनाने की कोशिश कर सकती है। केंद्रीय नेतृत्व की ओर से तय नामों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के पास भेजेंगे। वहां से मंजूरी मिलते ही अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। निगम, आयोग और बोर्ड में भी जल्द होंगी नियुक्तियां निकाय चुनाव टलने की स्थिति में भाजपा सरकार निगम, आयोग, बोर्ड और समितियों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्तियां करने की कार्यवाही शुरू करेगी। ओबीसी और अनुसूचित जाति आयोग, प्रदूषण नियंत्रण कंट्रोल बोर्ड, पर्यटन विकास निगम, राज्य महिला आयोग में भी नए अध्यक्ष की तैनाती होनी है। विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल पूर्व आईईएस, पूर्व आईपीएस, सेवानिवृत्त पीसीएस और पीपीएस अफसर भी कतार में है। प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री और विधायक भी निगम, आयोग और बोर्ड में समायोजन की दौड़ में शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक समायोजन में करीब 20 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं की सरकार के विभिन्न पदों पर ताजपोशी की जाएगी।

## शिरडी और पद्मनाभ मंदिर ट्रस्ट ने नव्य अयोध्या में मांगी जमीन : पहले चरण का लेआउट तैयार

अयोध्या ब्यूरो : धर्मनगरी का वैभव बढ़ाने के लिए नई अयोध्या को आकार देने की कवायद तेज हो गई है। 1450 एकड़ में आकार लेने वाली नव्य अयोध्या में शिरडी व पद्मनाभ मंदिर ट्रस्ट ने पांच–पांच एकड़ जमीन मांगी है। ये ट्रस्ट यहां धर्मशाला व मंदिर बनाएंगे। इसके अलावा 10 से अधिक राज्यों व तीन देशों ने भी धार्मिक कार्य के लिए भूमि मांगी है। देश के बड़े धर्म स्थल भी अयोध्या में मठ–मंदिर, आश्रम, धर्मशाला खोलने को लालायित दिख रहे हैं। इसी तरह कोलकाता के बेलूर मठ की ओर से भी जमीन मांगी गई है। उत्तराखंड सरकार ने भी एक एकड़ जमीन राज्यभवन के निर्माण के लिए मांगी है। तिरुपति बालाजी ट्रस्ट की ओर से भी तीन एकड़ जमीन की डिमांड की गई है। यहां मंदिर के साथ गेस्ट हाउस बनाने की उनकी योजना है। आवास विकास विभाग के अधिशासी अभियंता ओपी पांडेय बताते हैं कि नव्य अयोध्या योजना तीन चरणों में मूर्तरूप लेते हुए धर्मनगरी का वैभव बढ़ाएगी। पहले चरण की योजनाओं का ले–आउट तैयार हो चुका है। साथ ही 83 फीसदी जमीन का अधिग्रहण भी हो गया है। पहले चरण में 39 होटल, 19 अंतरराष्ट्रीय व राज्य भवन सहित 65 आवासीय भवन व अन्य कई प्रकल्प बनेंगे। उन्होंने बताया कि अब तक महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, कोलकाता, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तराखंड राज्य की ओर से नव्य अयोध्या में जमीन के लिए लिखित आवेदन आया है। इसके अलावा नेपाल, श्रीलंका, त्रिनिडाड व टोबैगो ने भी जमीन की मांग सरकार से की है। नीलामी के जरिए बड़े ट्रस्टों को मिलेगी जमीन आवास विकास विभाग के अधिशासी अभियंता ओपी पांडेय ने बताया कि राज्यों के लिए जमीन आरक्षित की जा रही है। देश के जो बड़े ट्रस्ट हैं, उनके द्वारा



आश्रम या गेस्ट हाउस के लिए जमीन मांगी जा रही है। उन्हें नीलामी की प्रक्रिया से गुजरना होगा या फिर ऐसे ट्रस्टों के लिए हम सीधे सरकार को जमीन दे देंगे। टाइप टेस्ट पास नहीं किया तो चतुर्थ श्रेणी कर्मी बन जाएंगे बाबू कैबिनेट ने मृतक आश्रित कोटे से समूह ग में नौकरी पाने वाले कर्मचारियों के लिए उप्र सेवाकाल मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती (13वां संशोधन) नियमावली 2022 को मंजूरी दे दी है। इसके तहत अब मृतक आश्रित कोटे से नौकरी पाने वालों को दो साल में टाइप टेस्ट पास करना ही होगा। अगर वह ऐसा नहीं कर पाते हैं तो उन्हें समूह ग से समूह घ में पदावनत कर दिया जाएगा। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि सरकार के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों–अधिकारियों की सेवाकाल के दौरान मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को समूह ग में नौकरी दी जाती है। वर्तमान व्यवस्था के तहत मृतक आश्रित कोटे में नौकरी पाने वालों को पहले साल में टाइप टेस्ट पास करना होता है। अगर वह ऐसा नहीं कर पाते तो उनकी एक वेतन वृद्धि रोकते हुए एक और मौका दिया जाता है। दो साल बाद भी टाइप टेस्ट पास नहीं करने पर उन्हें सेवा से बर्खास्त किया जाता है। प्रवक्ता ने बताया कि सेवा से बर्खास्त किए जाने पर परिवार पर भी संकट आता है और मामले न्यायालय में जाते है। इसलिए नियमावली में संशोधन करने के बाद अब उन्हें बर्खास्त नहीं किया जाएगा बल्कि उन्हें समूह ग से समूह घ में पदावनत कर दिया जाएगा।

## सीएसआर और यूबीए क्लब एक्टिविटी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आईआईएलएम एकेडमी ऑफ हायर लर्निंग, लखनऊ के सीएसआर और यूबीए क्लब के छात्रों ने सेंगठा



प्राथमिक विद्यालय के छात्रों को ऊनी कपड़े वितरित किए। छात्रों ने उपहार वितरित करके और मजेदार खेलों का आयोजन करके बच्चों के साथ क्रिसमस मनाया। संकाय समन्वयक डॉ सोनल गुप्ता, डॉ नेहा तिवारी और स्टाफ सदस्य मोनिका गुप्ता, विवेक कश्यप, कुलभूषण उप्रेती, नितिन मोहन और संतोष गुप्ता ने कार्यक्रम का समन्वय किया।

## सिटी लॉ कालेज के छात्र को एक्सयूवी सवार बदमाशों ने मारी गोली

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ में बीबीडी थानाक्षेत्र के तिवारीगंज में देर रात डेढ़ बजे के करीब एक्सयूवी सवार बदमाशों ने विधि छात्र अभिनव शुक्ला को गोली मार दी। गोली मारने के बाद बदमाश बाराबंकी तरफ भाग गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल छात्र को इलाज के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक बीबीडी अतुल सिंह के मुताबिक प्रतापगढ़ का रहने वाला अभिनव शुक्ला दयाल रेजीडेंसी में रहता है। वह तिवारीगंज स्थित सिटी लॉ कालेज से विधि का छात्र है। अभिनव के मुताबिक बृहस्पतिवार रात करीब डेढ़ बजे वह अपने दोस्तों के साथ खाना खाकर वापस जा रहा था। इसी दौरान एक एक्सयूवी उसके पास आकर रूकी। एक्सयूवी सवार ने नाम व पता पूछा। जानकारी न होने की बात कहकर अभिनव अपनी बाइक स्टार्ट कर आगे निकलने लगा। इसी बीच एक्सयूवी सवार बदमाश ने उस पर फायरिंग कर दी। गोली अभिनव के कुल्हे पर लगी। वह सड़क पर गिर गया। उसे घायल देख साथियों ने शोर मचाया। बदमाश मौका देखकर बाराबंकी की तरफ भाग गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक के



मुताबिक पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है। आसपास के इलाके के सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। वहीं अभिनव शुक्ला के बारे में कॉलेज से जानकारी ली जा रही है। कॉलेज के गुटबाजी व अन्य कई बिंदुओं पर पड़ताल की जा रही है। पुलिस के मुताबिक घायल छात्र के परिजन सुबह लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहां से उसे डिस्चार्ज कराकर किसी निजी अस्पताल लेकर चले गये हैं।

## रिश्तेदार के घर गए युवक की अपहरण के बाद पीट–पीटकर हत्या

प्रयागराज ब्यूरो : कौंधियारा में रिश्तेदार के घर गए युवक को बोलेरो में अगवा करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई। पीट–पीटकर मौत के घाट उतारने के बाद हत्यारों ने शव खीरी में फेंक दिया और भाग निकले। हत्या की वजह करीब एक महीने पहले हुई मारपीट बताई जा रही है। मृतक गुलाब (40) साल शंकरगढ़ का रहने वाला था। वह बृहस्पतिवार को कौंधियारा में रहने वाले अपने रिश्तेदार के घर आया था। सुबह 10:00 बजे के करीब एक बोलेरो से चार लोग पहुंचे और उसे जबरन गाड़ी में खींच कर भाग निकले। लोगों ने सूचना दी तो कौंधियारा पुलिस मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई। रात में 11:00 बजे के करीब खीरी थाना क्षेत्र के पौसला व खरका गांव के बीच में सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल की गई तो पता चला कि मृतक कौंधियारा से अगवा किया गया गुलाब है। सूत्रों का कहना है कि अब तक की जांच पड़ताल में यह




बात सामने आई है कि मृतक का अपने ही गांव के कुछ लोगों से एक महीने पहले विवाद हुआ था। इसमें गाली गलौज के साथ ही मारपीट भी हुई थी जिसे लेकर दूसरे पक्ष की ओर से मृतक पर मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। प्रारंभिक जांच पड़ताल में हत्या के पीछे यही विवाद सामने आया है। हत्या में एक हिस्ट्रीशीटर का भी नाम सामने आया है जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस हत्यारों की तलाश में जुटी है।

## देवेश और मृदुल दुबे बने भारतीय वायु सेना के फ्लाईंग ऑफिसर : बढ़ाया गोरखपुर का मान

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर के दो युवक देवेश कुमार शाही और मृदुल दुबे ने भारतीय वायु सेना में फ्लाईंग ऑफिसर का पद प्राप्त कर के अपने क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। मानस विहार कॉलोनी, पोस्ट– जंगल सालिकराम, गोरखपुर निवासी चंद्र भूषण शाही के पुत्र देवेश कुमार शाही का चयन पिछले वर्ष वायु सेना में ए.एफ कैट परीक्षा के अंतर्गत हुआ। जिसके उपरांत उन्होंने एयर फोर्स अकादमी, हैदराबाद से अपनी एक वर्षीय प्रशिक्षण पूर्ण कर फ्लाइंग ऑफिसर का पद अर्जित किया। देवेश का कक्षा 12 के बाद एनडीए में चयन हुआ था। इन्होंने अपना स्नातक दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से पूरा किया। इनके पिता देवरिया में यूपी पुलिस में एसआई के पद पर कार्यरत है। देवेश अपनी सफलता का श्रेय अपने अभिभावकों और गुरुजनों को देते हैं। वहीं ट्रांसपोर्ट नगर, गोरखपुर निवासी मृदुल दुबे का कक्षा 12 के बाद एनडीए



एवं आईआईटी में चयन हुआ था। आईआईटी रुड़की से स्नातक पूरा कर के वह एक विदेशी कंपनी में कार्यरत थे जब उनका चयन वायु सेना में हुआ। इनके पिता खलीलाबाद में अंग्रेजी के प्रवक्ता हैं। मृदुल अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता, गुरुजनों, और मित्रों को देते हैं।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।